**दिनांक : 14/07/2146** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**<u>प्रात:कालीन समाचार</u>**

मुख्य समाचार:-

- समान नागरिक संहिता के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपी, विधानसभा सत्र में विधेयक के आने की संभावना।
- मध्यप्रदेष में बीस हजार करोड के निवेष सेएआई-रेडी डेटा सेंटर स्थापित होगा।
- दतिया उप चुनाव के लिए अंतिम दिन 32 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।
- प्रदेश में आज हल्की बारिश की संभावना।

अब समाचार विस्तार सेः-

एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0

स्पेन का सबमर ग्रुप मध्यप्रदेश के भोपाल में 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानि लगभग 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश से एआई-रेडी डेटा सेंटर स्थापित करेगा। यह जानकारी कल भोपाल में आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में दी गई। कॉन्क्लेव का षुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में 51 प्रमुख गतिविधियाँ संपन्न हुई। इन गतिविधियों से लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश और 34 हजार से अधिक रोजगार अवसरों का मार्ग प्रशस्त्र हुआ है। पिछले 2 टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश को 46 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के बाद से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। इस अवधि में 22 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है।

एफसीआई-चावल इथेनॉल

भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई ने मध्य प्रदेश में एथेनॉल उत्पादन के लिए दिए गए चावल के कथित दुरुपयोग से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों को गलत बताया है। एफसीआई ने कहा कि करीब पांच लाख मीट्रिक टन चावल के दुरुपयोग की खबरें निराधार हैं। जांच केवल लगभग दो सौ बयालीस क्विंटल चावल के कथित दुरुपयोग से जुड़ी है, जिसकी कीमत करीब पांच लाख तिरसठ हजार रुपये है।

एफसीआई ने स्पष्ट किया कि एक हजार एक सौ साठ करोड़ रुपये की राशि एथेनॉल कार्यक्रम के तहत डिस्टिलरियों को जारी किए गए चावल का मूल्य है, न कि कथित दुरुपयोग की रकम। एफसीआई ने बताया कि मामले की जांच पहले से जारी है। मध्यप्रदेश सरकार ने जांच के लिए विशेष जांच दल-एसआईटी का गठन किया है। वहीं, संबंधित राइस मिल पर चवालीस लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है और उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

दतिया उप चुनाव

दतिया विधानसभा उप चुनाव के अंतर्गत चल रही निर्वाचन प्रक्रिया के तहत् कल नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन तक 28 अभ्यर्थियों द्वारा कुल 32 नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफसर दतिया के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इनमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आषुतोष तिवारी और इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी घनष्याम सिंह प्रमुख तौर पर षामिल हैं। भाजपा उम्मीदवार का पर्चा भरवाने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेष भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और पूर्व गह मंत्री नरोत्तम मिश्रा सहित कई अन्य मंत्री मौजूद थे। वहीं कांग्रेस प्रत्याषी का पर्चा भरवाने में प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पहुंचे थे। आज नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 16 जुलाई है। उप चुनाव के लिए 30 जुलाई को वोट डाले जाएंगे।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम में देष-विदेष के लोगों से विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की 136वीं कडी होगी। लोग टोल फ्री नंबर 1800-11-7800 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं। नमो ऐप और मायगव पोर्टल के जरिए भी सुझाव दिए जा सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एसएमएस लिंक से सीधे प्रधानमंत्री को सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है।

यूसीसी रिपोर्टः मुख्यमंत्री

समान नागरिक संहिता के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने कल संहिता का प्रतिवेदन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपा। प्रतिवेदन में समिति की रिपोर्ट 3 खण्डों में संकलित है। पहले खंड में समिति ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य के विभिन्न विधियों एवं प्रथाओं का विश्लेषण कर अपनी अनुशंसाएं दी है। दूसरा खंड मध्यप्रदेश में प्रचलित विधियों एवं नियमों के दृष्टिगत तैयार किया गया है। तीसरे खंड में जन परामर्श प्रतिवेदन है, जिसमें समिति द्वारा जिला स्तर, राज्य स्तर एवं वेबसाइट के माध्यम से किये गए व्यापक जन-परामर्श का विवरण है। समिति को 9.58 लाख से अधिक परामर्श प्राप्त हुए थे। समिति ने अनुसूचित जनजातियों को समान नागरिक संहिता से बाहर रखने की अनुशंसा की है। यूसीसी के लिए आये सुझावों में मध्यप्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रारूप तैयार करने का कार्य किया है। विधेयक के परिमार्जन और वरिष्ठ सचिव समिति की प्रक्रिया के बाद विधेयक मंत्रि-परिषद की स्वीकृत के उपरांत मानसून सत्र में ही विधानसभा में रखे जाने की संभावना है।

वेव्स - क्रिएट इन इंडिया

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट - वेव्स 2027 क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीज़न 2 के तहत उद्योग-संचालित चुनौतियों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज वेव्स के तहत एक प्रमुख पहल है। इस पहल का उद्देश्य मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में सृजकों की पहचान करना, उन्हें आगे बढ़ाना, उनके कौशल को बेहतर बनाना और उन्हें सबके सामने लाना है। सीज़न-2 का लक्ष्य ऐसी उद्योग संचालित, सरकार-समर्थित और युवाओं पर केंद्रित चुनौतियों को पूरा करना है, जो रचनात्मक प्रतिभा की पहचान करें और उन्हें निखारें, साथ ही

कौशल को बेहतर बनाने और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दें। इसका उद्देश्य मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्रों में सहयोग के अवसर पैदा करना भी है। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मीडिया और प्रौद्योगिकी पर आधारित अन्य रचनात्मक क्षेत्र शामिल हैं।

बीएसएनएल

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल नई दिल्ली में बी.एस.एन.एल की रणनीतिक समीक्षा और योजना बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय संचार निगम लिमिटेड - बी.एस.एन.एल ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में परिचालन से होने वाले राजस्व में लगभग 10 प्रतिशत की अस्थायी बढ़ोतरी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि...

बाइट- ज्योतिरादित्य सिंधिया

'अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज भोपाल के आंचलिक विज्ञान केन्द्र में 'अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा' का लोकार्पण करेंगे। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की इकाई आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल द्वारा विकसित यह अत्याधुनिक दीर्घा विज्ञान के लोकप्रियकरण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रसार तथा अनुभवात्मक विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका विकास नेहरू साइंस सेंटर, मुंबई के तकनीकी मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन भोपाल के सहयोग से किया गया है।

राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ आज भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस अभियान में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग की विशेष सहभागिता रहेगी।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में वर्ष 2028-29 के कार्यकाल के लिए अपना चुनाव अभियान आधिकारिक रूप से शुरू कर दिया है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने भारत की उम्मीदवारी पेश करते हुए शांति दृष्टिकोण का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मांडविया - महिला क्रिकेट टीम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कल पहली बार लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट मैच जीतकर इतिहास रचा। इंग्लैंड के खिलाफ टीम ने 270 रन से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने लॉर्ड्स में यादगार उपलब्धि हासिल कर देश का गौरव बढ़ाया है।

मौसम

मध्यप्रदेश में बारिश का आंकड़ा इस बार जुलाई माह में माइनस में आ गया है। मौसम केंद्र के मुताबिक प्रदेश में सामान्य से 3 प्रतिशत पानी कम गिरा है। पूर्वी हिस्से यानी- जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग में एवरेज से 17 और पश्चिमी हिस्से यानी- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम ग्वालियर-चंबल में 10 मिमि कम बारिश हुई है।

प्रदेश में पिछले 5 दिन से भारी या अति भारी बारिश नहीं हुई है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में बादल तो छा रहे। मौसम विभाग ने आज फिलहाल हल्की बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पां[illegible]र्णा में गरज-चमक, आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- खंडवा में दस्तक अभियान का प्रथम चरण आज से शुरू हो रहा है। यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा।
- जबलपुर रेल मंडल ने ट्रेनों और रेलवे परिसरों में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत 1,370 यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 2 लाख 74 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।
- आगर मालवा सहित प्रदेश भर में 15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जाएगा। एडीएम ने बैठक लेकर व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।
- नर्मदापुरम जिले की जनपद पंचायत माखननगर की सभी 64 ग्राम पंचायतों में ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया।
- डिंडौरी विकासखंड के धमनगांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 30 हेक्टेयर क्षेत्र में 15 हजार फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए।
- मंडला जिले के पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पदमी में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।
- शाजापुर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में अतिरिक्त सीएलसी राउंड के तहत प्रवेश मेले का आयोजन किया गया।
- बैतूल में खनिज विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध परिवहन में शामिल वाहनों कि को जब्त किया गया।

-------------